(ख) से (घ). दिल्ली विकास प्राधिकरण ने सूचित किया है कि 1978 में अभूतपूर्व बाढ़ के कारण त्रिलोकपुरी में कुछ टेनामेंटों पर बाढ़ पीड़ितों ने कब्जा कर लिया था। उन्होंने यह भी सूचित किया है कि लाटरी निकालने के समय यह आशा की गई थी कि जिन बाढ़ पीड़ितों ने इन टेनामेंन्टों पर कब्जा कर लिया था वे इन्हें शीघ्र ही खाली कर देंगे।

(ङ) जी, नहीं।

उर्वरकों की तुलना में गेहूं के समर्थन मूल्य

3273. श्री सत्यनारायण जटिया : क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1977 से 1982 तक सरकार द्वारा घोषित वर्षवार गेहूं के समर्थन मूल्य क्या हैं; और

(ख) विभिन्न किस्म के उर्वरकों के वर्ष 1972 से 1982 तक वर्षवार मूल्य क्या हैं?

कृषि तथा ग्रामीण विकास मंत्रालयों में राज्य मंत्री (श्री आर० वी० स्वामीनाथन) : (क) और (ख). वर्ष 1972 से 1982 तक गेहूं के सहाय मूल्यों तथा विभिन्न किस्मों के उर्वरकों की दरों को प्रदर्शित करने वाला विवरण संलग्न है।

विवरण

फसल वर्ष	सरकार द्वारा घोषित अधिप्राप्ति मूल्य (रू० प्रति क्विंटल)	किस तारीख से	केन्द्रीय उर्वरक पूल द्वारा किसानों को किन मूल्यों पर उर्वरकों की आपूर्ति की गई		
			यूरिया (46 एन)	डायअमोनियम फास्फेट	म्यूरेट आफ पोटाश (100 कि० ग्राम का पैक)
1971-72	71.00 से 76.00	17-3-73	959	1246	543
1972-73	71.00 से 76.00*	10-10-73	1050	1335	670
1973-74	105.00	1-6-74	2000	3005	1220
1974-75	105.00	18-7-75	1850	2805	1170
1975-76	105.00	1-12-75	1850	2600	1085
1976-77	110.00	16-3-76	1750	2600	900
1977-78	112.50	20-4-76	1750	2210	900
1978-79	115.00	8-2-77	1650	2210	795
1979-80	117.00	12-10-77	1550	2210	795
1980-81	130.00	10-3-79	1450	2200	795
		8-6-80	2000	3050	1090
		11-7-81	2350	3600	1290

*इस में बढ़िया किस्म का गेहूं शामिल नहीं है, जिस का मूल्य 82 रुपये प्रति क्विंटल निश्चित किया गया था।